## महत्वपूर्ण एवं खास



### हंडी चौक पर धारधार हथियार से लोगों को डरा रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार

रायगढ़। दिनांक 04.07.2022 से सुबह थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति लोहे का धारधार हथियार लेकर रास्ते पर आ जा रहे लोगों को डरा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी थाने से प्रधान आरक्षक नंदू सारथी, आरक्षक रूप कुमार साहू और राजेश कुमार सिदार को मौके पर पहुंचकर तस्दीकी करने निर्देशित किया गया। स्टाफ मौके पर दो व्यक्तियों को धार धारदार लोहे के हथियार (चाकू व तलवारनुमा नुकीला हथियार) से लोगों को डराते हुए सुरक्षा पूर्वक पकड़कर थाने लाया गया है। आरोपियों द्वारा पूछताछ में अपना नाम हरिकिशन चौहान पिता अंगत चौहान उम्र 56 वर्ष और दर्शन चौहान पिता पनाईक चौहान उम्र 52 वर्ष दोनों निवासी रेल्वे बंग्लापारा रायगढ़ बताये जिन पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

### जिले में 202.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 4 जुलाई तक 202.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 32.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 280.2 मिली मीटर, पुसौर में 304.9, खरसिया में 235.9, सारंगढ़ में 267.3, बरमकेला में 176.5, घरघोड़ा में 148.9, तमनार में 221.3, लैलूंगा में 148.8, धरमजयगढ़ में 130.2, सरिया 141.9 एवं छाल तहसील में 173 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### शिकायत पर हुई तत्काल कार्यवाही, शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने स.शि.एल.बी. श्याम कुमार कमल के विरूद्ध प्राप्त शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो कि गत दिवस सरपंच ग्राम पंचायत कलमी विकासखण्ड रायगढ़ एवं ग्रामवासी तथा स्कूल के बच्चों ने कार्यालय में आकर विद्यालय के शिक्षक श्याम कुमार कमल के विरूद्ध शराब पीकर विद्यालय आने, अध्ययन-अध्यापन के प्रति गंभीर नहीं रहने, बच्चों से गाली-गलौज किए जाने संबंधी शिकायत एवं फोटोग्राफ प्रस्तुत करते हुए शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की गयी थी। निलंबन पश्चात शिक्षक श्याम कुमार कमल को मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ में पदस्थ किया गया है।

### राजधानी में बीते रात से हो रही बारिश, मौसम हुआ सुहाना

**रायपुर (आरएनएस)।** देरी से सही लेकिन अब राजधानी में भी बरसात का असर देखने को मिलने लगा है, यहां मध्य रात्रि से कई इलाको में बारिश हो रही रही यही लेकिन अब धीरे से छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 5 जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया है। वहीं रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के लिए यलो अलर्ट किया गया है। इस दौरान में एक-दो स्थानों पर भारी बरसात हो सकती है। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की संभावना भी है। मौसम विभाग माने तो आने वाले 24 घंटों में सरगुजा, जशपुर, महासमुंद, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

# शासन की योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन -कलेक्टर





**कलेक्टर साहू ने ली जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की बैठक**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं को विभागवार समीक्षा करते हुए शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक लोग शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

कलेक्टर साहू ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ लाभान्वितों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जिससे योजनाओं से लाभान्वितों को चिन्हांकित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों के साथ बेहतर संचालन किया जाए। कलेक्टर साहू ने कहा कि स्कूलों की इन्फ्रॉस्ट्रक्चर बेहतर हो चुके है। अब विद्यार्थियों का परीक्षा में प्रदर्शन बेहतर होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने खाद्य विभाग को पात्र हितग्राहियों के पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर उनके कार्यो को मूल्यांकन किए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यो का विभाजन कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत, निगम आयुक्त संबित मिश्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर रेडक्रास से दो मरीजों को इलाज के लिए मिली मदद



रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अलग-अलग वार्डो में जाकर भर्ती मरीजों व उसके परिजनों से मिलकर उनको मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। इसी कड़ी में 68 वर्षीय रायगढ़ के अम्बेडकर निवासी तिलकराम भास्कर ने कलेक्टर को बताया कि मुझे इलाज के दौरान रायपुर रेफर कर दिया गया है, लेकिन मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण रायपुर नहीं जा पा रहा हूं। कृपया मुझे रायपुर इलाज कराये जाने हेतु व्यवस्था करायें। कलेक्टर साहू ने उनकी बातों को सुनकर तत्काल सचिव रेडक्रॉस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी को मरीज को इलाज के लिए रायुपर जाने हेतु नि:शुल्क व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्हें रेडक्रॉस के सहयोग से तिलक राम को रायपुर रवाना किया गया।

इसी तरह धरमजयगढ़ जेलपारा निवासी अमरजीत सारथी अपने लड़के का पैर टूटने पश्चात जिला चिकित्सालय इलाज कराने लाये थे। उन्होंने कलेक्टर साहू को बताया कि पैर में पलास्टर करने के पश्चात वार्ड ब्वाय द्वारा उनसे रुपये लिए गए थे। जिस पर कलेक्टर साहू ने गहरी नाराजगी जताते हुए तत्काल अस्पताल प्रबंधन को मरीज से लिए गए रुपये वापस करने एवं नि:शुल्क इलाज व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। अमरजीत ने बताया कि कलेक्टर की पहल पर उनके रुपये उन्हें वापस मिल गए है और बेहतर इलाज चल रहा है तथा किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है, रेडक्रॉस से भी मदद मिल रही है।

## ग्राम रेगड़ी जुआ फड पर लैलूंगा पुलिस की रेड, 11 जुआरियों से नकद 30550 रुपए जब्त जब्त



**रायगढ़।** दिनांक 03-04/07/2022 की रात्रि पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एन. एस. मरकाम को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम रेगडी मंदिर के पास बिजली खंभे के नीचे कुछ जुआडियान 52 पत्ते तास से जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर थाने से अतिरिक्त बल लेकर थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर जुआ रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान दो अलग-अलग जुआ फड पर जुआरी- (01) सफरूदीन खान पिता समरूददीन खान उम्र 31 साल सा0 झरियापाली थाना घरघोडा (02) ओमप्रकाश चंद्रा पिता मनोहर लाल चंद्रा उम्र 34 साल सा0 वार्ड क्रमांक 07 लैलूंगा (03) सेवलाल पिता सुंदर लाल माझी उम्र 33 साल सा0 खोखराआमा थाना घरघोडा (04) टोनी अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल उम्र 35 साल लैलूंगा (05) प्रेम कुमार पिता भुनेश्वर गुप्ता उम्र 38 साल सा0 ब्लाक आफिस के सामने लैलूंगा (06) धीरेन्द्र पिता छोटू साव उम्र 23 साल सा0 बाजारपारा लैलूंगा (07) उतरा चौहान पिता रामप्रसाद उम्र 30 साल सा0कोटरीमाल थाना घरघोडा (08) भुनेश्वर सिंह पिता महावीर साहू वार्ड क्रमांक 06 लैलूंगा (09) दीपक पटेल पिता ननकी पटेल उम्र 21 साल सा0 झरियापाली थाना घरघोडा (10) धर्मेन्द्र पिता हरिहर चौहान उम्र 28 साल सा0 कोटरीमाल थाना घरघोडा (11) सुंदर लाल पिता मंदरू राम राठिया उम्र 35 साल सा0 नवापारा घरघोडा को पुलिस टीम पकड़ी। आरोपियों के फड एवं पास से जुमला रकम 30,550 रूपये, 52 पत्ती ताश की जप्ती किया गया है, आरोपियों पर थाना लैलूंगा में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। जुआ रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक जयशरण चन्द्रा, राम रतन भगत, भेनासियुस खेस और आरक्षक अमरदीप एक्का शामिल थे।

## आठ वर्ष पश्चात लापता महिला मिली अपने परिजनों से

**सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास का रहा सहयोग**

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग शासकीय रिशेप्सन सेंटर बैंगलोर द्वारा 42 वर्षीय महिला को लापता अवस्था में पाये जाने पर रिशेप्सन सेंटर बैंगलोर लाया गया। उक्त महिला से बातचीत के दौरान पता चला कि वह महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। जिसका इलाज कराया गया तत्पश्चात उक्त महिला द्वारा अपना नाम व पता बताया गया। जिसके पश्चात रिशेप्सन सेंटर टुमकुर कर्नाटक द्वारा नेट में सर्च कर सखी सेंटर रायगढ़ का फोन नंबर निकाला गया व सखी सेंटर से संपर्क कर उक्त महिला की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला महिला संरक्षण अधिकारी को दी गई व उनके निर्देशानुसार महिला के परिजनों की पतासाजी आरंभ की गई।

सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा उक्त महिला से फोन में बात कर नाम व पता जानने का प्रयास किया गया परंतु महिला मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होने के कारण पता बताने में असमर्थ थी। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा उक्त महिला से लगातार विडियो कॉल के माध्यम से महिला के परिजनों के विषय में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तब महिला ने अपना नाम, पति का नाम व स्वयं का पता बताया। जिसके आधार पर संबंधित थानों के साथ-साथ गांव के सरपंचों से बात कर महिला के परिजनों की पतासाजी हेतु उक्त महिला की फोटो, नाम व पता भेजा गया। काफी प्रयासों के बाद महिला द्वारा अपने बच्चों का नाम बताया गया, जिसके आधार पर उक्त महिला के निवास स्थान का पता लगाया गया व उक्त जानकारी रिशेप्सन सेंटर टुमकुर कर्नाटक को दी गई। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा तत्काल संबंधित थाना से समन्वय कर उक्त महिला की बातचीत परिजनों से कराया गया। परिजनों द्वारा सखी सेंटर रायगढ़ को जानकारी दी गई की उक्त महिला 8 वर्ष पूर्व मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण बिना किसी को जानकारी दिये घर से निकल गई जिसके पश्चात परिजनों के द्वारा उक्त महिला की खोजबीन आसपास व रिश्तेदारों में भी किया गया परंतु महिला की किसी भी प्रकार की कोई




जानकारी प्राप्त नही हुई। 8 वर्ष बाद जब परिजनों को सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के माध्यम से उक्त महिला के जीवित व सुरक्षित होने की जानकारी मिलने पर परिजनों को विश्वास नहीं हो रहा था। जिसके पश्चात परिजनों को उक्त महिला से विडियो कॉल के माध्यम से बात कराया गया। दिनांक 02 जून 2022 को रिशेप्सन सेंटर टुमकुर कर्नाटक से उक्त महिला को रायगढ़ छ्ग्गण्ढ लाने की अनुमति मिलने पर दिनांक 26 जून 2022 को सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा महिला के परिजनों, भाई व बेटी के साथ उक्त महिला को लेने बिलासपुर रेल्वे स्टेशन पहुँचे। पीड़ित महिला अपने भाई व बेटी को देखकर काफी खुश हुई व उनकी आँखों से आंसू छलकने लगे। सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने उक्त महिला को उनके परिजनों को सौंपा।

## ग्राम तेतला में लगा पुलिस जन चौपाल : थाना प्रभारी ने महिलाओं को दी अपराधों की जानकारी, ग्रामीणों को किया जागरूक



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारियों द्वारा थानाक्षेत्र अंतर्गत "पुलिस जन चौपाल" लगाकर रहवासियों को अपराधों की जानकारी एवं उनसे बचाव के उपाए बताकर जागरूक किये जाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 04.07.2022 को थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा ग्राम तेतला में पुलिस जन चौपाल लगाया गया है जिसमें महिलाओं की अच्छी खासी संख्या थी जिन्हें थाना प्रभारी द्वारा माहिलाओं से संबंधित यौन अपराधों, घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों तथा हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देते हुए उनके कानून अधिकारों को संक्षिप्त में बताया गया।

थाना प्रभारी बताये कि देश में महिलाओं की गरिमा बनाये रखने के लिए बहुत सारे कानून बनाये गये हैं किन्तु शिक्षा के अभाव में ज्यादातर महिलाओं को जानकारी नहीं होती। उन्होंने बताया कि महिलाओं के उत्थान एवं उनके प्रति अपराधों को रोकने विशेष कानून है। एक समय चोरी, लूट, हत्या, बलात्कार इत्यादि की घटनाओं तक ही अपराध सीमित था किन्तु वर्तमान में इन्टरनेट, इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से अपराध हो रहे हैं जिसे साइबर अपराध कहा जाता है। ऐसे अपराधों को रोकने जागरूकता बड़ा हथियार है। उनके द्वारा मोबाइल, कम्प्युगटर पर नीजी जानकारी फोटो, विडियो, मोबाइल नम्बर किसी से शेयर करने से बचने बताये तथा बैंक से जुडे खाते की जानकारी , OTP की जानकारी अंजान व्यक्ति को देने से मना किये। उनके द्वारा घर के किशोर बच्चों के भी गतिविधियों पर ध्यान देने कहा गया।

चौपाल में बताये कि देश में स्त्री और पुरुष में किसी प्रकार का लिंग भेद नहीं है। स्त्री और पुरुष दोनों को समान रूप से अधिकार प्राप्त है, कई क्षेत्र में महिलाओं को विशेष अधिकार भी प्राप्त है । कानून में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार एवं निर्दयता के विरूद्ध व्यवस्था है परन्तु महिलाएं पारिवारिक दबाव हो या सामाजिक दबाव जिसके चलते बहुत सी घटनाएँ परिवार की चारदीवारी में ही सिमट कर रह जाती है अधिकांश मामलों में रिपोर्ट ही दर्ज नहीं करवाये जाते। थाना प्रभारी द्वारा ऐसी व्यवस्था समाज के लिये हानिकारक होना बताते हुए घरेलू एवं यौन हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कराने महिलाओं को प्रेरित किये। उनके द्वारा अपराधों की जानकारी व पुलिस सहायता के लिये हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112, 1091 तथा पुलिस कंट्रोल रूम 9479193299, थाना प्रभारी पुसौर 9479193219 के नम्बर पर किसी भी समय पुलिस सहायता प्राप्त करना बताया गया तथा गांव में नवयुवकों को नशा, जुआ-सट्टा से बचाने, पुलिस कार्यवाही के लिये सूचनाएं देने प्रेरित किए।

## विजयपुर में मिले अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय हुई मौत, जांच में जुटी चक्रधरनगर पुलिस



**रायगढ़।** दिनांक 01.07.2022 को थाना चक्रधरनगर अंतर्गत ग्राम विजयपुर में ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेत में एक अंजान व्यक्ति उम्र करीब 60-70 वर्ष को बैठा हुआ देखे। बाहरी जान कर गांववाले उससे पूछताछ किये, वृद्ध कुछ बता नहीं पा रहा था, बिमार और कमजोर दिख रहा था, जिसके माथे की चमडी सफेद थी। स्थानीय वार्ड पार्षद भी आकर देखे पूछताछ किये और डॉयल 112 को कॉल कर सूचना दिये। डॉयल 112 मौके पर पहुंची वृद्ध के माथे पर सफेद चमड़ी छिला हुआ था, अस्वास्थ्य प्रतीत होने से के.जी.एच. अस्पताल लेकर गये, जहां डॉक्टर वृद्ध को मृत घोषित किये। थाना कोतवाली में बिना नम्बरी मर्ग कायम कर जांच के लिये मर्ग डायरी थाना चक्रधरनगर भेजा गया है। थाना चक्रधरनगर में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है, मृतक के शरीर पर चेक शर्ट और काला, नीला लाइनदार लूंगी पहना हुआ मिला था। विजयपुर के लोग उसे पहले कभी देखना नहीं बताये, कुछ लोगों का अनुमान है कि वृद्ध भटककर आ गया है। वृद्ध के संबंध में किसी के पास जानकारी हो तो चक्रधरनगर थाने में संपर्क कर सकतें हैं।

## वनांचल से लापता हुई बालिका को कापू पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला

**किशोरी के अचानक लापता होने से परिजन जता रहे थे महानगर ले जाने की आशंका**

**रायगढ़।** कापू पुलिस की कल दिनांक 02.07.2022 को किशोर बालिका के लापता की रिपोर्ट पर गंभीरता पूर्वक तत्परता से कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर बालिका ढूंढ निकालकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है बालिका के कथन उपरांत अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

दिनांक 02.07.2022 को 17 वर्षीय बालिका के परिजन थाना कापू आकर बालिका को दिनांक 01.07.2022 के रात्रि अचानक घर से निकल कर कहीं चले जाने के संबंध में बालिका के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराएं। परिजन बताये की लड़की काम करने बाहर जाऊंगी की जिद लगाए हुए थी जिसे कहीं काम करने जाने की जरूरत नहीं है कहकर मना किए थे। परिजन आशंकित थे कि कहीं कोई बालिका को कहीं काम के बहाने बड़े शहर तो नहीं ले गया। परिजनों के बालिका के विषय में इस प्रकार की बातें बताएं जाने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कापू उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर तत्काल बालिका के रिश्तेदार, सहेलियों व जान परिचित लोगों के नाम, मोबाइल नंबर के साथ सूची तैयार कर थाने के विवेककों एवं बीट आरक्षकों को संबंधितों से पूछताछ कर जानकारी लेने कहा गया। इसी दरमियान स्टाफ को जानकारी मिली कि बालिका पत्थलगांव में देखी गई है, तत्काल पुलिस टीम पत्थलगांव पहुंची। जहां से बालिका को लाया गया बालिका बताई की घर की तंगी हालत को देखकर काम की तलाश में पत्थलगांव चली गई थी, जहां सहेली के घर रुकी थी। घर के लोग और पुलिस की खोजबीन की जानकारी पर घर लौटने का मन बना ली। बालिका को थाने लाकर कापू थाने की महिला स्टाफ बालिका से पूछताछ करने पर बालिका किसी प्रकार का अवांछित घटना नहीं होना बताई है। बालिका को थाना प्रभारी द्वारा किसी के द्वारा महानगरों में अच्छा काम दिलाने का झांसा दिए जाने पर बगैर माता-पिता व थाने में जानकारी दिए बगैर नहीं जाने के लिए सचेत किए। बालिका को उनके माता-पिता के सुपुर्द किया गया है। कल चाइल्ड लाइन व महिला अधिकारी से कथन पश्चात अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

## घर से भाग कर जम्मू गई किशोर बालिका को पुसौर पुलिस ने की दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

**गुमसुदगी के एक अन्य मामले में पुसौर पुलिस लापता युवती को रायपुर से लाई रायगढ़**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर पुसौर पुलिस थाना क्षेत्र से लापता हुई बालिका को जम्मू तथा लापता युवती को रायपुर से सकुशल वापस रायगढ़ लाया गया है।

जानकारी के मुताबिक थाना पुसौर के बडेभण्डार की रहने वाली 17 वर्षीय बालिका दिनांक 05/05/2022 के दोपहर घर में बिना बताये कहीं चली गई थी। एक सप्ताह बाद बालिका के पिता थाना पुसौर में बालिका के बिना बताये अचानक कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान बालिका के पिता बताये कि बालिका पहले भी घर से बिना बताये जम्मू कश्मीर चली गई थी। जिस पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा जम्मू गये रिपोर्टकर्ता के जान परिचित का संपर्क नम्बर लिये और उनसे कड़ाई से बालिका के संबंध में पूछताछ किये जो बताये कि बालिका जम्मू में है, उसकी सहेली के साथ रहती है और यहीं काम कर रही है। थाना प्रभारी बालिका से उसके घरवालों की बातचीत कराये और सहायक उप निरीक्षक मनमोहन बैरागी को बालिका के परिजनों को साथ लेकर बालिका को जम्मू से लाने निर्देशित किये। बालिका को सकुशल वापस रायगढ़ लाकर उसका बालिका का महिला अधिकारी से कथन, काउंसलिंग कराया गया, मामले में किसी प्रकार अपराध का घटित होना नहीं पाये जाने पर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

वहीं माह अप्रैल में घर से बिना बताये गई युवती को रायपुर से दस्तयाब किया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कवरिहा की युवती (उम्र 18 वर्ष) गुम हो जाने के संबंध में उसके पिता द्वारा थाना पुसौर में दिनांक 27.04.2022 को गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जांच दौरान युवती के रायपुर में होने की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा प्रधान आरक्षक श्याम दास महंत को स्टाफ लेकर रायपुर से युवती को लाने निर्देशित किये। पुलिस बल रायपुर से युवती को वापस रायगढ़ लाया गया जिससे पूछताछ करने पर बालिग होना एवं स्वयं की इच्छा से शादी कर रायपुर में रहना बतायी जिसे उसके पिता की उपस्थिति में उसके पति के सुपुर्द किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480